# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. हाल ही में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सिटी ऑफ हंड्रेड आइलैंड्स परियोजना किस राज्य में शुरू हुई है?**

(A) राजस्थान
(B) मध्यप्रदेश
(C) उत्तरप्रदेश
(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान सरकार ने वागड़ क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है. माही बांध के जलभराव क्षेत्र में स्थित टापुओं को अब टूरिस्ट हब के रूप में विकसित किया जाएगा.
- राजस्थान में बांसवाड़ा जिले की सिटी ऑफ हंड्रेड आइलैंड्स के नाम से प्रसिद्ध इस क्षेत्र में इको-टूरिज्म और वाटर एक्टिविटीज को बढ़ावा देने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है.
- इस परियोजना के तहत टापुओं पर पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जहां पर्यटक बोटिंग, वाटर स्पोर्ट्स और प्रकृति से जुड़े अनुभवों का आनंद ले सकेंगे. साथ ही जल संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाएगी.

## Yesterday Revision

01. राजस्थान की पैरा एथलीट खुशबू गिल ने 24वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए शॉट पुट में स्वर्ण पदक जीता।

02. राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद एवं सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस, जयपुर के मध्य आगामी तीन वर्षों के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

03. अजमेर में MDSU (महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय) NEP (नई शिक्षा नीति – 2020) आधारित अध्यादेश लागू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बना।

04. राजस्थान में पहला 'नाफेड बाजार' जयपुर के नेहरू सहकार भवन में शुरू किया गया।

05. राजस्थान के राजसमंद जिले के नाथद्वारा में 131 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा का विधिवत लोकार्पण किया गया किया गया

**01. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(A) वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की प्रथम गणना समय पर पूर्ण करने पर जल शक्ति मंत्रालय ने राजस्थान को शील्ड एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है

(B) यह सम्मान डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित विश्व जल दिवस कॉन्क्लेव के दौरान प्रदान किया गया।

**सही विकल्प चुनिए:**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- जल शक्ति मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान को सम्मानित किया
- जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में राजस्थान ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की प्रथम गणना समय पर पूर्ण करने पर जल शक्ति मंत्रालय ने राज्य को शील्ड एवं प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है।
- यह सम्मान डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित विश्व जल दिवस कॉन्क्लेव के दौरान प्रदान किया गया।
- राज्य की ओर से मुख्य अभियंता (एसडब्ल्यूआरपीडी) ने सम्मान प्राप्त किया
- जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 22-23 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित 'विश्व जल दिवस कॉन्क्लेव' का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण और सतत प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) कुसुम कम्पोनेंट-ए में 686 मेगावाट के 496 संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। इसमें राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।

(2) कम्पोनेंट-सी में 2,899 मेगावाट के 1121 प्लांट लग चुके हैं। इसमें राजस्थान का द्वितीय स्थान है।

**सही विकल्प चुनें**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- कुसुम कम्पोनेंट-ए में 686 मेगावाट के 496 संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। इसमें राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है।
- कम्पोनेंट-सी में 2,899 मेगावाट के 1121 प्लांट लग चुके हैं। इसमें राजस्थान का द्वितीय स्थान है।
- योजना के तहत फीडर लेवल सोलराइजेशन में श्रेष्ठ उपलब्धि के लिए केंद्रीय विद्युत मंत्री श्री मनोहर लाल ने इसी वर्ष जनवरी माह में दिल्ली में आयोजित हुए ऑल इंडिया डिस्कॉम्स एसोसिएशन के वार्षिक समारोह में राजस्थान डिस्कॉम्स को गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया था।
- राजस्थान के गांव-ढ़ाणी में कुसुम कंपोनेंट-ए एवं कंपोनेंट सी में अब तक 3585 मेगावाट के 1617 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।

**03. हाल ही में राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स कॉन्क्लेव – 2026 (जीसीसी)' का आयोजन कहां किया गया?**

(A) बीकानेर

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- एक दिवसीय 'राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स कॉन्क्लेव – 2026 (जीसीसी)' का 25 मार्च को जयपुर में आयोजन हुआ ।
- कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा लागू ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स पॉलिसी – 2025 का उद्देश्य राज्य को वैश्विक निवेश और तकनीकी नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाना है।
- इस नीति के माध्यम से बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित कर सेवा और डिजिटल सेक्टर को सशक्त किया जा रहा है।
- 20 नवम्बर 2025 को राजस्थान मंत्रिमंडल द्वारा राजस्थान ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (GCC) पा ॅलिसी, 2025 को मंजूदी दी।।
- इस पॉलिसी के तहत वर्ष 2030 तक राज्य में 200 से अधिक जीसीसी स्थापित करने तथा लगभग 1.5 लाख रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) प्रशासन को मिलने वाली शिकायतों के समाधान में राजस्थान छठे स्थान पर है

(2) राजस्थान में शिकायतों का निपटारा करने वाले टॉप 3 जिले: सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा और भरतपुर।

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग की 40वीं रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान में प्रशासन को मिलने वाली शिकायतों का समाधान औसत 27 दिन में हो रहा है।
- जबकि तेलंगाना में सिर्फ 8 दिन का समय लगता है।
- तेज समाधान वाले 10 राज्यों में राजस्थान छठे और तेलंगाना पहले स्थान पर है।
- राजस्थान में शिकायतों का निपटारा करने वाले टॉप थ्री जिले: सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा और भरतपुर।
- तेजी से शिकायतों का समाधान करने वाले शीर्ष तीन जिले: झालावाड़, सवाई माधोपुर और डूंगरपुर।
- राजस्थान संपर्क पोर्टल हेल्पलाइन न.: 181

05. राजस्थान के किस लोक कलाकार को संगीत नाटक अकादमी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।?

(A) मांगे खान

(B) अनवर खां मांगणियार

(C) सलीम खान

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- लोक कलाकार पद्मश्री अनंवर खां मांगणियार को संगीत नाटक अकादमी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- पहली बार लोक कलाकार की इस पद पर नियुक्ति हुई है। अनवर के कुछ चर्चित गीतों में केसरिया बालम है।
- पद्मश्री अनवर खां मांगणियार को केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया।
- अनवर खां मांगणियार • निवासी – जैसलमेर • लोक गायक – मांगणियार गायक • पद्मश्री – 2021 • संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार - 2017

जयपुर, मंगलवार, 24 मार्च, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-34

1. **हाल** ही में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने नवरात्र के अवसर पर 'ज्वाला माता' के दर्शन किए। प्रसिद्ध ज्वाला माता का मंदिर राजस्थान में कहां स्थित है?
(A) सांभर (जयपुर)
(B) जोबनेर (जयपुर)
(C) आमेर (जयपुर)
(D) चाकसू (जयपुर)

2. **राजस्थान** का प्रसिद्ध शक्तिपीठ 'शाकम्भरी माता का मंदिर' किस स्थान पर स्थित है?
(A) नाडोल (पाली)
(B) देशनोक (बीकानेर)
(C) सांभर (जयपुर)
(D) सीकर

3. **श्री** कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय राजस्थान में कहां स्थित है?
(A) जोबनेर
(B) बीकानेर
(C) उदयपुर
(D) कोटा

4. **हाल** ही में जारी 'बीस सूत्री कार्यक्रम' की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, संस्थागत प्रसव के क्षेत्र में कौन सा जिला प्रथम स्थान पर रहा है?
(A) जोधपुर
(B) जयपुर
(C) उदयपुर
(D) कोटा

5. **नाहरगढ़** जैविक उद्यान किस जिले में स्थित है?
(A) जोधपुर
(B) बीकानेर
(C) जयपुर
(D) उदयपुर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. नई शिक्षा नीति – 2020 पर आधारित अध्यादेश लागू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय कौनसा है?**

(A) महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

(B) हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय

(C) महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय

(D) इनमें से कोई नही


GK Search Engine
Today for tomorrow
GK Search Engine
SUBSCRIBE NOW
PRESS BELL ICON
Like
Share
FOLLOW ON INSTAGRAM
FOLLOW ON FACEBOOK
JOIN US ON TELEGRAM
GK Search Engine
GK Search Engine
GK Search Engine